**खबर संक्षेप**



### बाघपुर में संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बाघपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब पचास वर्षीय बिशनदास के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार बिशनदास को वीरवार को पेट में दर्द उठा तो वे उसे उपचार के लिए बेरी के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### आईटीआई में आज होगा दीक्षांत समारोह

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बहादुरगढ़ में शनिवार 4 अक्टूबर को वर्ष 2025 के पासआउट विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आईटीआई की आरएसी लैब में सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक होगा। संस्थान प्रशासन ने बताया कि इस अवसर पर पासआउट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### पराली जलाने से रोकने को अभियान चलाया



**झज्जर।** पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और नुकसान को रोकने के लिए जिला पुलिस लगातार किसानों को जागरूक कर रही है। थाना प्रबंधक सदर ने गांव खेड़ी आसरा के किसानों को धान की कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को आग न लगाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने किसानों से कहा कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। इसके बजाय किसान कस्टम हायरिंग सेंटरों और फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों की मदद से इन अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर खाद के रूप में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी किसान इसमें सहयोग करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों पर निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में आज से जुटेंगे देश के प्रख्यात शिल्पकार, 40 स्टॉल लगेंगे

## ■ शहर में 12वीं बार लगेगी प्रदर्शनी, 11 राज्यों के 50 से अधिक कलाकार आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में स्थित कम्युनिटी सेंटर में शनिवार 4 अक्टूबर से नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्राचीन कारीगर एसोसिएशन द्वारा रूरल अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से 50 से अधिक शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। सोमवार 13 अक्टूबर को शिल्पी सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। नाबार्ड के डीडीएम अंकित दहिया ने बताया कि बहादुरगढ़ में कला की पहचान बन चुके इस उत्सव का यह 12वां एडिशन है। इसमें 11 राज्यों के कारीगर आएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उत्सव में कुल 40 स्टॉल लगाए जाएंगे।

**देशभर के बेस्ट प्रोडक्ट को देखने खरीदने का अवसर मिलेगा**




बहादुरगढ़। कार्यक्रम की जानकारी देते अंकित दहिया व संस्थाओं के पदाधिकारी।

### शिल्पकला से रूबरू होंगे लोग

इसमें 20 स्टॉल नाबार्ड की तरफ से सेल्फ हेल्प ग्रुप समेत एनजीओ को उपलब्ध करवाए जाएंगे। स्थानीय प्रतिभाओं को भी यहां जगह देंगे। उनके अनुसार स्थानीय लोगों को देशभर के बेस्ट प्रोडक्ट को देखने खरीदने का अवसर मिलेगा। शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल, राजेंद्र जांगड़ा, सूर्यकांत बोंदवाल, पूर्व पार्षद शशि कुमार व नेशनल अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाल आदि ने बताया कि नए कलाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ ही स्थानीय लोगों को शिल्पकला से रूबरू करवाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार उत्तरप्रदेश से हथकरघा में राजेश, ब्लॉक प्रिंट में विनोद, हैंडलूम में वीरेंद्र, भागलपुरी साड़ी में अमित, बनारसी साड़ी में मनोज व रिजवान, चिकनकारी में आजाद, मुरादाबादी मेटल में अस्ताफ, खुर्जा पोटरी में नफीस, वुड कार्विंग में किरण अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करेंगे।

### ये उत्पाद होंगे प्रदर्शित

बिहार से भागलपुरी साड़ी में रणजीत व गोलू, दिल्ली से टेराकोटा में गंगा लहरी, हथकरघा में संजीव, हैंडलूम में धर्मपाल, ब्रास मेटल में अभिषेक, वुडन ट्वॉय्ज में तरुण, चावल पर नाम लिखने वाले दीपक, पंजाब से फुलकारी में अनिल, जूती में सुमित, शॉल में शैंकी, पश्चिम बंगाल से जूट में गोविंदपाल, बेडशीट में नाजिर व बिजेंद्र, ज्वैलरी में तंद्रा, पर्ल में मानिक, राजस्थान से जूती में साजिद, ज्वैलरी में महेंद्र, लाख में जुबैर, पॉटरी में हंसराज, लघु चित्रकारी में हनुमान सैनी, बीडस में निपुण, आयरन वर्क में रइसुद्दीन, ब्लॉक प्रिंट में राजकुमार पांडेय अपने उत्पाद पेश करेंगे। हरियाणा से ड्राई फ्लॉवर में पवन, टेराकोटा में देवीराम, ड्रेस में किरण, ज्वैलरी में शर्मिता, आयुर्वेद में बीके लवकेश, साड़ी में सुदेश, टेराकोटा ज्वैलरी में ममता त्रिपाठी, जूती में अशोक कुमार, क्ले आर्ट में अर्चना, पेंटिंग में देव, आंचल, नूब्बी, गोबर उत्पाद में देवेंद्र व रेलवे से विजय कुमार स्टॉल लगाएंगे। महाराष्ट्र से बाटिक में अनिल, चंडीगढ़ से धूप में तरुण, मध्यप्रदेश से जैकेट में गुलशन आदि भी स्टॉल लगाएंगे।

## बोले- 2775 रुपये के बजाय 1850-1900 रुपये प्रति क्विंटल की दर से व्यापारियों को बेचना पड़ रहा

# बाजरे की एमएसपी पर खरीद न होने से किसान खफा, रोहतक रोड पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सरकार द्वारा बाजरे की एमएसपी पर खरीद नहीं करने के विरोध में शुक्रवार को रोहतक रोड पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। साथ ही भावांतर भरपाई योजना रद्द करने, दाना दाना खरीदने का वायदा पूरा करने, बाजरे के 2775 रुपए प्रति क्विंटल दाम देने की मांग की। संगठन के प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडोठी ने बताया कि सरकार की एजेंसियों ने बाजरा खरीदने से हाथ खड़े कर लिए हैं। अब किसानों को अपनी फसल को 2775 रुपए प्रति क्विंटल की बजाय 1850-1900 रुपए प्रति क्विंटल की दर से व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। सरकारी खरीद ना होने से उन्हे गेटपास भी नहीं मिल रहा और जे फार्म भी नहीं कट रहे।




### ...तो भावांतर भरपाई के पैसे नहीं मिलेंगे

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर शासन को सशक्त बनाना है। यह न इस वजह से उन्हें भावांतर भरपाई के 575 रुपए प्रति क्विंटल के पैसे भी नहीं मिलेंगे। इस प्रकार किसानों को 800-900 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान होगा। पहले ही अधिक वर्षा व जलभराव से फसल या तो बर्बाद हो गई हैं या घट गई है। संगठन के जिला कमेटी सदस्य रामकिशन और सतबीर सिंह बल्हारा ने कहा कि सरकार को बाजरे की खरीद पर लगाई गई नाजायज शर्तों को हटा कर 2775 रुपए एमएसपी पर किसानों के बाजरे की तुरंत खरीद शुरू करनी चाहिए। जिला कमेटी सदस्य लालजी और संदीप ने कहा कि अगर सरकार अपने वायदे के तहत बाजरा नहीं खरीदेगी तो संगठन बड़ा आंदोलन खड़ा करने को मजबूर होगा।

## प्राइवेट स्तर पर शुरू हुई बाजरे खरीद, 20 हजार क्विंटल बिका

**झज्जर।** स्थानीय अनाजमंडी में पहुंचे बाजरे की खरीद शुक्रवार को प्राइवेट स्तर पर शुरू की गई। आढ़ती एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि मंडी में शुक्रवार को करीब बीस हजार क्विंटल से अधिक बाजरा आढ़तियों द्वारा खरीदा गया। सरकार द्वारा दी जाने वाली भावातंर भरपाई योजना के अंतर्गत 19 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीद की जा रही है। बता दें कि स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे व धान की आवक निरंतर बनी हुई है। किसान गेट पास कटवा कर अपनी फसलें मंडी में डाल रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा बाजरे की खरीद अभी तक शुरू नहीं की गई। मंडी में बनाए गए टिन शेड पूरी तरह भर चुके हैं और बाहर खुले मैदान में भी बाजरे व धान की ऊंची-ऊंची ढेरियां लग चुकी हैं।



### मंडी में लगे ढेर

*वीरवार को हुई हल्की बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। श्रमिकों ने तिरपाल की सहायता से खुले में रखी फसलों को सुरक्षित किया। शुक्रवार को तिरपाल हटाकर बाजरे को फैला कर धूप में सुखाया गया। अब खरीद कार्य शुरू होने से फसल को गोदामों में पहुंचाया जा सकेगा।*

## बहादुरगढ़ : कैब चालक से पिस्तौल की नोक पर लूट

# चालक को एमआईई में छोड़कर कार व नकदी लेकर बदमाश फरार

**बहादुरगढ़।** देर रात दिल्ली से रोहतक के रास्ते पर कैब चालक के साथ चार बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चालक के साथ मारपीट कर पिस्तौल की नोक पर नकदी और कार छीन ली। वारदात के बाद आरोपी चालक को बहादुरगढ़ के एमआईई फैक्ट्री एरिया में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खेड़ी साध जिला रोहतक निवासी राहुल पुत्र जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 2 अक्टूबर की रात अपनी वैगनआर कार को पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़ा कर यात्रियों का इंतजार कर रहा था।

### रोहतक के लिए कैब बुक की थी

*इसी दौरान चार युवक उसकी गाड़ी में सवार हुए और खुद को रुपए चौक रोहतक ले जाने की बात कही। रास्ते में टिकरी बॉर्डर सीएनजी पंप पर गाड़ी में गैस डलवाने के बाद चालक ने उन्हें रोहतक की ओर ले जाना शुरू किया। रात करीब 2:45 बजे जब गाड़ी ओमेक्स सिटी रोहतक के पास पहुंची तो एक युवक ने अचानक चालक की गर्दन दबाकर गाड़ी रुकवा दी। इसके बाद पीछे बैठे दो युवकों ने पिस्तौल निकालकर चालक को धमकाया। बदमाशों ने उसके पास से 3400 रुपये छीन लिए और मारपीट कर उसे जबरदस्ती पीछे धकेल दिया। आरोपी कार पर कब्जा कर उसे रोहतक में रुपया चौक तो हिसार बाईपास पर घुमाते रहे। फिर बहादुरगढ़ की ओर ले गए। लगभग 3:50 बजे बदमाशों ने उसे बहादुरगढ़ के फैक्ट्री एरिया एमआईई में उतारकर उसका मोबाइल सिम निकाल लिया और कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित किसी तरह राहगीरों की मदद से सुबह 4 बजे एमआईई चौकी पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी।*

## आज होगी सब जूनियर हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता, तैयारियां पूरी : अनिल खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

42वीं सब जूनियर हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता का दूसरा चरण शनिवार 4 अक्टूबर को होगा। शहर की एचएल सिटी स्थित चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स स्थित स्वीमिंग पूल पर होने वाली प्रतियागिता में प्रदेश के सभी जिलों से तैराक भाग लेंगे। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि सब जूनियर प्रतियोगिता को चार ग्रुपों में बांटा गया है।

### बेस्ट स्वीमर चुना जाएगा



प्रदेश में बेहतर तैराक तैयार करने की दिशा में ये प्रतियोगिता बेहद अहम साबित होगी। उन्होंने बताया कि संग्राम मेडल विजेता महेंद्र पहलवान प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। भारतीय तैराकी संघ और हरियाणा तैराकी संघ से वैध रजिस्ट्रेशन और यूनिक आईडी धारक स्वीमर ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। एक तैराक केवल पांच व्यक्तिगत इवेंटस में प्रतिभागिता कर सकता है। प्रतियोगिता के अंत में स्वीमर को मिले कुल प्वांइट्स के आधार पर बेस्ट स्वीमर का चयन भी किया जाएगा।

## गोरखधाम एक्सप्रेस में यात्री के 25 हजार रुपये व आभूषण चोरी, केस

**बहादुरगढ़।** लखनऊ से गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार होकर रोहतक की तरफ जा रहे एक यात्री के पर्स गायब कर लिया गया। पर्स में सोने की चेन, दो जोड़ी चांदी की पायल और करीब 25 हजार रुपये नकद रखे थे। पीड़ित ने तीन लोगों पर संदेह जताया है। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लखनऊ के सूर्या नगर निवासी करीब 67 वर्षीय सत्यानंद मिश्र एक अक्टूबर की शाम करे अपनी पत्नी संग गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार होकर रोहतक आ रहे थे। बहादुरगढ़ स्टेशन के पास तीन अज्ञात व्यक्ति बोगी में चढ़े। इनमें से एक ने बैग के पास पानी गिरा दिया और कहा कि इसे ऊपर रख दीजिए। इसी दौरान उनके बैग से काले रंग का पर्स चुरा लिया। पर्स में 3 तोले सोने की चेन, दो जोड़ी चांदी की पायल और करीब 25 हजार रुपये नकद रखे थे। जीआरपी ने लिखित शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 305, 3 (5) के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।




## भंभेवा के पास रेलवे लाइन पर मिले शव की पहचान, बेरी का रहने वाला था राजीव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भंभेवा की फाटक पर रेलवे लाइन के नजदीक मिले व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक बेरी के छाज्याण पाना का रहने वाला था। उसकी पहचान करीब चालीस वर्षीय राजीव उर्फ राजू पुत्र राजकुमार के तौर पर की गई है। मामले के जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि राजीव कारपेंटर का कार्य करता था। वह अविवाहित था। परिजनों के अनुसार वह बीते बुधवार को भी काम के सिलसिले में बाहर गया था। वह फोन नहीं रखता था जिस कारण उससे संपर्क नहीं हो पाया था।

### अखबार में खबर पढ़कर शिनाख्त करने पहुंचे परिजन



परिजनों ने सुबह अखबार में जब खबर पढ़ी तो वे शिनाख्त के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचे। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि मृतक के भाई अमित व चाचा जयकुमार के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि एक अक्टूबर की शाम भंभेवा फाटक के नजदीक उसका शव लहू लुहान हालत में मिला था। उसे शिनाख्त के लिए रखा गया था।

## एसडीएम नसीब कुमार ने चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ लिया जायजा

सीवरेज जाम होने से सड़कों व गलियों में पानी जमा होने से लोग हो रहे परेशान

# छोटूराम नगर का एसटीपी चालू होने से राहत गंदे पानी की आसानी से हो सकेगी निकासी

■ एसडीएम बोले- फिलहाल एसटीपी आंशिक रूप से चालू हुआ

■ अतिरिक्त मोटर की व्यवस्था भी की जाएगी

■ एक मोटर में फाल्ट आने पर दूसरे से निकासी की व्यवस्था की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को चालू कर दिया गया है। तीन-चार दिन में पूरे शहर में सीवर समस्या से लोगों को राहत मिल जाएगी। एसडीएम नसीब कुमार और चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर एसटीपी के संचालन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंद पड़ी मोटर को तुरंत चालू कराया जाए ताकि सीवरेज की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि छोटूराम नगर के एसटीपी को प्राथमिकता पर चालू कराया जा रहा है। फिलहाल एसटीपी आंशिक रूप से चालू हो गया है। सोमवार तक इसे पूरी तरह से शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही अतिरिक्त मोटर की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि किसी भी फॉल्ट की स्थिति में तुरंत मोटर बदली जा सके। इस मौके अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में एसटीपी का जायजा लेते एसडीएम व चेयरपर्सन।

### धर्म विहार, छोटूराम व विवेकानंद नगर में आफत में लोग

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि छोटूराम नगर, विवेकानंद नगर, धर्म विहार समेत कई कालोनियों के लोग लंबे समय से सीवरेज की समस्या से परेशान हैं। एसटीपी चालू होते ही गलियों और सड़कों पर जमा गंदे पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। नगर परिषद लोगों की सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रही है। एसटीपी को पूरी क्षमता से चालू करने पर काम हो रहा है। इस मौके पर एक्सईएन अमन मोर, एसडीओ नितिन जून, पालेराम शर्मा, रमेश राठी व हरिमोहन धाकरे आदि मौजूद रहे।

## जलापूर्ति की समस्या लंबे समय से चली आ रही : सिकंदर

# वार्ड-31 में पेयजल किल्लत से लोग बेहाल विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वार्ड नंबर-31 की सभी कॉलोनियों में पानी नहीं आने की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। बुनियादी सुविधा से वंचित वार्डवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर आवाज बुलंद की। पार्षद सरिता के भाई सिकंदर ने जेई और सुपरवाइजर को समस्या की हकीकत से अवगत करवाया। सिकंदर के अनुसार जलापूर्ति की समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। उन्होंने मौके पर ही ज्ञापन सौंपकर समस्या का तुरंत समाधान करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि लोग समस्या से बेहाल हो चुके है।



बहादुरगढ़। पेयजल किल्लत को लेकर शिकायत देते वार्ड-31 निवासी।

### लोग बोले- समाधान नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन

*लोगों ने कहा कि जल्द पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो वार्डवासी मजबूर होकर पब्लिक हेल्थ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर कृष्ण खरब, रण सिंह छिकारा, परमीश ठेकेदार, अनिल वर्मा, मुंशीराम, राजेश, जय सिंह, जयपाल, संजीत, प्रिंस, विजेंद्र, मोहन व नरेंद्र आदि मौजूद रहे।*



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।



# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने के बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।


### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

***(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)***

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

#### आईटी एवं कंप्यूटर साइंस

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिज़ाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर :** 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष (**यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक**)

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।


**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण :** -

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

### गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत ज़िम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टाल्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### कर्मशाला में मां शेरावाली का जागरण आज

रेवाड़ी। रोडवेज कर्मशाला में 4 अक्टूबर की रात मां शेरांवाली के जागरण का आयोजन किया जाएगा। इससे अगले ही दिन वर्कशॉप परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कर्मचारी नेता यशपाल यादव ने बताया कि रोडवेज कर्मियों की ओर से हर साल माता का जागरण व भंडारा कराया जाता है। इस मौके पर जीएम निरंजन शर्मा मुख अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने आमजम से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें व जागरण में माता के भजनों का आनंद उठाएं।

### अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। पुलिस ने मसानी में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मसानी गांव में रहने वाला मूल रूप से महेंद्रगढ़ की दीवान कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापेमारी की, तो उसके कब्जे से 58 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में पति गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 11 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## चौगान माता भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

# भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया

*भाजपा नेता मनीष बंसल को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया*

- समिति द्वारा पिछले पांच वर्षों से शारदीय नवरात्रों में भंडारे व जागरण का आयोजन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चौगानन युवा सेवा समिति द्वारा शहर के रिवाला गेट स्थित चौगान माता मंदिर पर शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। समिति सदस्य राजू सैनी व तिलकराज बागड़ी ने बताया कि उनकी समिति द्वारा पिछले पांच वर्षों से शारदीय नवरात्रों में भंडारे व जागरण का आयोजन किया जा रहा है।



झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

आयोजित भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समिति सदस्यों ने बताया कि रात को मां भगवती के पांचवें विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा नेता मनीष बंसल को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। क्षेत्रीय गायक कलाकार विक्की भगाना समूह द्वारा भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### माता के भजन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

झज्जर। सिलानी गेट क्षेत्र में मां भीमेश्वरी देवी के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। समिति सदस्य महिपाल ने बताया कि उनकी समिति की ओर से किया गया यह ग्यारहवां आयोजन था। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित राव धन्नीराम ने मां भगवती की ज्योति प्रचंड करते हुए जागरण की शुरूआत की। गायक कलाकार आरती दुग्गल, विक्की स्वामी, शुभम स्वामी, मोनू आदि कलाकारों ने भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया। इसके अलावा रोहतक से आए कलाकारों द्वारा निकाली गई भगवान भोले नाथ की झांकी भी आकर्षन का केंद्र रही। उन्होंने बताया कि जागरण के लिए उनके द्वारा प्रथम नवरात्र को माता की चौकी की स्थापना की गई थी जिसमें मां भीमेश्वरी मंदिर बेरी से लाई गई ज्योति को विराजमान किया गया था। जागरण से पहले भंडारे का आयोजन भी हुआ जिसमें समिति सदस्य राव नाहर सिंह, रणबीर सिंह यादव, राजेश यादव, सतीश यादव, डॉक्टर महेंद्र यादव, सुंदर यादव, टीनू कोडान आदि ने सेवाएं दीं।

## जसौरखेड़ी कॉलेज में हुआ प्लेसमेंट पर व्याख्यान



बहादुरगढ़। कॉलेज में छात्राओं को जानकारी देते डॉ. विनोद कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

*डॉ. प्रियंका अग्रवाल ने कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार व साक्षी मलिक का स्वागत किया*


गांव जसौर खेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट सेल द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. प्रियंका अग्रवाल ने कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार व साक्षी मलिक का स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध जॉब प्रोफाइल्स पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने मुख्य वक्ता डॉ. विनोद कुमार व साक्षी मलिक का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक करने और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर डॉ. सुनील, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनिल कुमार व डॉ. श्वेता उपस्थित रहीं।

## शिविर में 150 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

*शिविर में पहुंचे लोगों में इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के गांव सासरौली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एमओ डॉक्टर पंकज की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा भी सहयोग दिया गया। शिविर में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पंकज ने कहा कि यह अभियान सिर्फ स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य जन-जन को



झज्जर। शिविर में चिकित्सकों व संस्था सदस्यों के साथ उपस्थित ग्रामीण।

स्वास्थ्य पोषण, स्वच्छता और नियमित जांच की आवश्यकता के प्रति जागरुक करना है। शिविर में करीब 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। संस्था सदस्य रीना एवं प्रदीप ने बताया कि शिविर में पहुंचे लोगों में इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की गई।

## स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाए आमजन : जिले सिंह

सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सर्वोदय जनहित समाज कल्याण एनजीओ द्वारा शुक्रवार को सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। एनजीओ के प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने चिकित्सकों से ओपीडी बारे



झज्जर। शिविर में लोगों से बातचीत करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

जानकारी ली तथा लोगों को इस प्रकार के शिविरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने आयोजक समिति सदस्यों की सराहना भी की। स्वास्थ्य जांच शिविर में आयुष विभाग से डॉक्टर पवन देशवाल व उनकी टीम ने करीब 120 लोगों की जांच की तथा जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की।

### रोगियों को उचित परामर्श दिया

चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के उपायों की जानकारी देते हुए रोगियों को उचित परामर्श भी दिया गया। नेत्र जांच शिविर में आईक्यू अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा एक सौ से अधिक लोगों की नेत्र जांच करते हुए जरुरतमंद लोगों में दवा वितरण किया गया। इस मौके पर सैनी धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर हरी सैनी, सूरजभान सैनी, दिलावर सैनी, प्रदीप कुमार, जलकरण, नरेश शर्मा, अनिल तनेजा, महेंद्र, राज सिंह सोनी, कौशल्या वर्मा, जगदीश गुलिया, अशोक दहिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे श्रीराम, लक्ष्मण व सीता का राज्याभिषेक

झज्जर। शुक्रवार की रात शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्री लवकुश रामलीला व भगत सिंह चौक के नजदीक हो रही श्रीविकास रामलीला में श्रीराम राज्याभिषेक के दृश्यों का मंचन किया गया। रामलीला मंचन की शुरूआत सीता जी की अग्नि परीक्षा से होती है। चौदह वर्षों की अवधि पूर्ण के चलते भगवान श्रीराम, सीता जी व लक्ष्मण के साथ अयोध्या की ओर प्रस्थान करते हैं। इस दौरान लंकापति विभिषण के पुष्पक विमान में वानरराज सुग्रीव भी अपने दल सहित उनके साथ अयोध्या आते हैं। हनुमान जी पवन वेग से पहुंच कर अपने बड़े भाई राम के आने की प्रतीक्षा कर रहे भरत को उनके आगमन की सूचना देते हैं। इसके बाद अयोध्या पहुंचने पर भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाता है। राज्याभिषेक की खुशी में हनुमान जी नृत्य करके समां बांधते हैं। श्री विकास रामलीला क्लब के सदस्य कमल ने बताया कि उनकी रामलीला के कलाकारों में मास्टर अनिल कुमार, राजेश, पंकज पांचाल, सुरेंद्र कोडान, मास्टर अनिल पांचाल, गंगा गुर्जर, हरिओम, पिंटू, आनंद, पवन कादियान, गोलू, राकेश, चिंटू, दिनेश, गौरव, संदीप चंदा, यश मामोडिया, विजय सैनी, दिनेश दुजाना, समीर पांचाल, आशीष दलाल, विनोद मामोड़िया, दीपक, यश डागर, नीरज, ओपी सैनी, महेंद्र पंडित, अनीश सहरावत, युग, भूदेव आदि शामिल रहे। श्री लवकुश रामलीला कमेटी के सदस्य पन्ना लाल ने बताया कि उनकी रामलीला में शामिल कलाकारों में महावीर सैनी, मयंक, राजकुमार प्रजापत, एडवोकेट मनोज, हितेंद्र, सोनू शर्मा, राजू , नरेश, सतबीर, कपिल, दीपू, दिपांशू, तीर्थ, मेकअप मास्टर नरेश कुमार, धर्मेंद्र आदि शामिल रहे।



## नशीला पदार्थ गांजा सप्लाई करने का आरोपी काबू

*रेवाड़ी। सीआईए ने नशीला पदार्थ गांजा बेचने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गत 22 सितंबर को मॉडल टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि माजरा गुरदास निवासी पारस नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी को काबू कर लिया था। उसके कब्जे से 26 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि नशीला पदार्थ ढालियावास निवासी इंद्रजीत ने मुहैया कराया था। इसके बाद सीआईए ने वीरवार की रात इंद्रजीत को भी गिरफ्तार कर लिया।*



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी इंद्रजीत।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार सायं भालखी माजरा के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर एक फैक्ट्री श्रमिक की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। लगभग 50 वर्षीय मूल रूप से यूपी निवासी महेंद्र भालखी माजरा के पास स्लेट पत्थर की



रेवाड़ी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

फैक्ट्री में कई साल से श्रमिक का कार्य करता था। शुक्रवार को शाम के समय वह किसी काम से माजरा गांव की ओर जा रहा था।

नेशनल हाइवे क्रॉस करते समय वह एक टाटा नैक्शन कार की चपेट में आ गया।

### कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ने कार रोककर पहले उसे देखा। जब उसे लगा कि कार के आगे आने वाले व्यक्ति की मौत हो गई है, तो उसने कार सहित भागने का प्रयास किया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चालक को नहीं रोक लिया। सूचना मिलने के बाद कुंड चौकी से पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को सामान्य अस्पताल भिजवा दिया। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सफलता का पर्याय बना आरपीएस

## एनडीए में आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने पताका लहराई

- सीईओ मनीष राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, ईशांत, खुशी, रोबिन, रोहन, रूद्रा बल आदि शामिल रहे।

### गौरव बढ़ाने का कार्य

आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। संस्था के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि प्रतिभा को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अतिआवश्यक है, जो आरपीएस शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षक समय समय पर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से विचार विमर्श कर सफलता के नए नए तरीके अपनाते रहते हैं।

### चार विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा क्वालिफाई कर विद्यालय का नाम रोशन किया

# एनडीए परीक्षा में आरपीएस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

### सफल विद्यार्थियों में नेहा, जतिन, समीर व अंशु शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरपीएस स्कूल के चार विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा क्वालिफाई कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

सफल विद्यार्थियों में नेहा, जतिन, समीर व अंशु शामिल हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का



झज्जर। एनडीए परीक्षा के सफल विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

- अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, आरपीएस स्कूल कोसली और अपने गुरुजनों को दिया

श्रेय अपने माता-पिता, आरपीएस स्कूल कोसली और अपने गुरुजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव, स्कूल के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव प प्राचार्या अंजू यादव ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कैंब्रिज स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा पाई सफलता




झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा क्वालिफाई कर संस्थान का नाम रोशन किया है। सफलता पाने वाले विद्यार्थियों में प्रिंस, शौर्य व पूर्व छात्र रूपेश जून शामिल हैं। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन करते हुए तीनों होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों ने अपनी कठिन मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर बगैर किसी कोचिंग के यह सफलता हासिल की है। उन्होंने तीनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, अनीता, पिंकी, प्रीति, सोनिया, परिहास, आशा, ज्योति और गीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। कैंप में बच्चों का स्वास्थ्य जांचते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: हरिभूमि

### विकास नगर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

बहादुरगढ़। शुक्रवार को लाइनपार के विकास नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिश्री देवी रिहेबिलिटेशन सेंटर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पार्षद राजेश मकड़ौली ने भी सहयोग किया। रिहेबिलिटेशन सेंटर की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य जांचा और दवाइयां दी।

### दशहरे के बाद भी मौसम में गर्मी बरकरार

बहादुरगढ़। दशहरा बीत गया है, मगर गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही। इस बार अक्टूबर में भी गर्मी पसीना छुड़ा रही है। शुक्रवार को दिन में अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में चटक धूप होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि माना यह जाता है कि दशहरा के नजदीक ठंड बढ़ने लगती है। अक्टूबर शुरू हो चुका है और दिन तो दिन रातें भी गर्म हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा।

### अग्रसेन जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन

बहादुरगढ़। बीती रात शहर के सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में महाराजा अग्रसेन जयंती पर विराट कवि सम्मेलन हुआ। इस दौरान महिलाओं व किशोरियों द्वारा कुछ सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। नैनीताल की युवा कवयित्री गौरी मिश्रा की सरस्वती वंदना और हास्य-व्यंग्य की चर्चित कवयित्री बलजीत कौर तन्हा की प्रस्तुति से कवि सम्मेलन शुरू हुआ। लॉफ्टर चैंपियन सरदार प्रताप फौजदार के सानिध्य में हुए इस कवि सम्मेलन का मंच संचालन विख्यात कवि राजेश चेतन ने किया। कवि अनिल अग्रवंशी, राजेश अग्रवाल व कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने समां बांधा।

लोग बोले -डेंगू, मलेरिया, डायरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा, प्रशासन से जल्द निकासी की गुहार लगाई

# मच्छरजनित बीमारियों को दावत दे रहा जलजमाव

## परेशानी : जगह-जगह पानी व कीचड़ होने से पैदा हो रहे मच्छर व बैक्टीरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में जगह-जगह हुए जलजमाव से जलजनित रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। अभी का मौसम भी मच्छरों के अनुकूल है। शहरवासियों को मच्छरजनित बीमारियों के प्रकोप से बचाने के लिए प्रशासन प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। इस वजह से मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

बता दें कि अभी के मौसम में ना गर्मी ज्यादा है और ना ही सर्दी। ऐसे मौसम में डेंगू व मलेरिया के मच्छर ज्यादा पनपते हैं। बारिश के उपरांत जगह-जगह हुआ जलभराव बीमारियों को दावत दे रहा है। डेंगू, मलेरिया, डायरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की आशंका बनी हुई है। चिकित्सकों की सलाह है कि खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखें, पानी उबालकर व छानकर पीएं और हाथ धोने के बाद ही कुछ ग्रहण करें।

डीडीके अस्पताल के निदेशक डॉ. सुखपाल धारीवाल ने बताया कि बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी व कीचड़ जमा होने के कारण उसमें मच्छर व तरह-तरह के बैक्टीरिया पैदा होते हैं। ये विभिन्न प्रकार की बीमारियों को दावत देते हैं, इसके अलावा मौसम में नमी के कारण बैक्टीरिया अधिक पनपते है, जो पानी को दूषित कर बीमारियों का कारण बनते है।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 के खाली प्लॉट में जमा पानी बना मच्छरों की शरणस्थली। फोटो: हरिभूमि

### संक्रमण का खतरा

डॉ. सुखपाल के अनुसार डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से ही फैलता है, लेकिन डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, एडिज मच्छर के काटने से फैलने वाले इस रोग का प्रभाव मरीज के पूरे शरीर और जोड़ों में तेज दर्द के रूप में होता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया बरसात में होने वाली आम लेकिन गंभीर संक्रामक बीमारी है, जो जलजमाव से पैदा होने वाले मच्छरों के काटने से होती है। यह रोग मादा ऐनाफिलिज मच्छर के काटने से फैलता है। इस मौसम में डायरिया सबसे आम समस्या है, जो जीवाणुओं के संक्रमण के कारण होता है। इसमें पेट में मरोड़ होने के साथ ही दस्त लगना प्रमुख हैं। चिकनगुनिया भी मच्छरों से फैलने वाला बुखार है, जिसका संक्रमण मरीज के शरीर के जोड़ों पर भी होता है और जोड़ों में तेज दर्द होता है।



झज्जर। मोबाइल के मालिकों को गुम हुए मोबाइल सौंपते हुए डीसीपी अमित दहिया। फोटो: हरिभूमि

# 45 दिनों में ढूंढ़ निकाले गुम हुए 56 मोबाइल

## साइबर सेल टीम की बड़ी कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साइबर सेल की टीम ने बीतें 45 दिनों में गुम हुए दस लाख रुपये की कीमत के मोबाइल बरामद किए हैं। शुक्रवार को डीसीपी अमित दहिया के कार्यालय में करीब 20 गुमशुदा मोबाइल फोनों को उनके मालिकों को सौंप दिया। डीसीपी अमित दहिया ने बताया कि साइबर सेल प्रभारी अभिषेक की टीम ने बीते 45 दिन मे आमजन के गुम हुए करीब 10 लाख रुपए कीमत के सीईआईआर पोर्टल से ट्रेंस किए गए 56 मोबाइल को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र या अटल सेवा केंद्र के माध्यम से सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो सकें तथा जल्द से जल्द सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।

# भाजपा सरकार की निस्वार्थ सेवा को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ योजनाओं का लाभ आम आदमी तक आसानी से पहुंच रहा



डॉ पंकज जैन

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाते हुए विश्वगुरु बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य देश-प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास पूरी ईमानदारी और समानता के साथ करना है। डॉ पंकज जैन ने केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी जनता के सच्चे हमदर्द हैं। वे दिन-रात निस्वार्थ भाव से हर वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया और उसे जमीन पर उतारकर दिखाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित अन्य क्षेत्रों में सरकार ने पारदर्शिता व ईमानदारी से कार्य कर जनता का दिल जीत लिया है। डॉ पंकज जैन के अनुसार भाजपा सरकार का विकास मॉडल ही उसकी पहचान बन चुका है। आम जनता का भरोसा भाजपा की नीतियों पर अधिक मजबूत हुआ है।

# विधायक से मिलकर सब्जी विक्रेताओं ने सौंपा मांग पत्र

## बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था को सराहा, अवैध फुटकर विक्रेताओं को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की सब्जी मंडी के पंजीकृत फुटकर विक्रेताओं ने शुक्रवार को विधायक राजेश जून से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। फुटकर विक्रेता वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान प्रदीप दलाल की अगुवाई में पहुंचे पंजीकृत सब्जी विक्रेताओं ने मंडी परिसर से बरसाती पानी की निकासी के लिए किए गए प्रबंधों की सराहना करते हुए विधायक राजेश जून का धन्यवाद किया। साथ ही अवैध फुटकर विक्रताओं को हटवाने की मांग दोहराई। मार्केट कमेटी के पंजीकृत सब्जी विक्रेता प्रदीप दलाल, विनोद यादव, जिले सिंह सैनी, जीत कश्यप, विजय बिहारी, नरेंद्र गुप्ता, जगदीश सुहाग, संदीप, बालकिशन कश्यप, राम, संतोष, रमन समेत दर्जनों सब्जी विक्रेता शुक्रवार को विधायक राजेश जून से मिले।



बहादुरगढ़। पंजीकृत फुटकर विक्रेताओं की समस्याएं सुनते विधायक राजेश जून।

### बोले- ऑपरेटर रात को नदारद रहता है

मंडी की मौजूदा समस्याओं से विधायक राजेश जून को अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि निकासी के लिए नियुक्त ऑपरेटर समय पर मौके पर मौजूद नहीं रहते, विशेषकर रात के समय ऑपरेटर नदारद रहता है। मोटर चलाने व रखरखाव के लिए किसी जिम्मेदार व्यक्ति की ड्यूटी लगाने की मांग की गई। सबसे गंभीर समस्या के रूप में फुटकर विक्रेताओं ने मंडी में फैले अवैध फुटकर विक्रेताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने विधायक राजेश जून को बताया कि मंडी परिसर में करीब 200 अवैध विक्रेताओं ने कब्जा कर रखा है, जिससे पंजीकृत विक्रेताओं की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। विक्रेताओं का कहना है कि वे 2008 से नियमित रूप से मासिक किराया भर रहे हैं, लेकिन अवैध विक्रेताओं के कारण उनका व्यापार चौपट हो रहा है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि मंडी परिसर में खाली जगहों पर जरूरतमंदों को वैध रूप से स्थान दिया जाए और बाकी अवैध कब्जों को हटाया जाए। साथ ही किसान शेड को फुटकर विक्रेता शेड में परिवर्तित कर दिया जाए। मुख्य गेट के पास शिफ्ट होने से ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी, आढ़तियों और सरकार को भी लाभ होगा। विधायक राजेश जून ने विश्वास दिलाया कि वे इन समस्याओं का समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# एचटी लाइन का उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़े किसान

बहादुरगढ़। खेतड़ी-नरेला पावर ग्रिड ट्रांसमिशन लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण से प्रभावित गांवों के किसान उचित मुआवजे की मांग को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। लडरावण गांव के किसानों में पावरग्रिड लाइन के लिए जबरन भूमि लेने को लेकर नाराजगी है। बता दें कि लडरावण गांव की जमीन दिल्ली के सीमावर्ती गांवों के साथ लगती है। किसान जयकिशन छिल्लर, जितेंद्र, राकेश, रामकंवार, राजकुमार, सुरेश, सुनील व अनिल आदि इसका विरोध करते हुए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### लाइन नहीं गुजरने देंगे

किसानों के अनुसार एचटी लाइन बिछने के बाद कृषि प्रभावित होगी और जमीन की उपयोगिता भी घटेगी। वर्तमान में दिया जा रहा मुआवजा बेहद कम है, जबकि दिल्ली क्षेत्र के किसानों को कहीं अधिक मुआवजा दिया जा चुका है। यह भेदभाव सहन नहीं होगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वे उनकी जमीन का दिल्ली के गांवों की तर्ज पर मुआवजा दें। किसानों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बिना उचित मुआवजा लिए पावरग्रिड लाइन नहीं गुजरने देंगे। जबरदस्ती करने पर किसान आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

# क्लेरिकल कैडर के 11 सिपाहियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस में तैनात 11 सिपाहियों को पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। इस दौरान पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सामुदायिक पार्टी का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस परीक्षा के लिए एक टेस्ट होता है जिसके तहत पास होने वाले कर्मचारियों को एग्जीक्यूटिव क्लेरिकल कैडर में दर्ज किया जाता है। परीक्षा में करीब 102 कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया था। जिनमें से पास होने वाले 11 कर्मचारियों को इस पदोन्नति का तोहफा देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने सभी पुलिस कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। पदोन्नत हुए कर्मचारी पुलिस कमीश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

### इन कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मचारियों में सिपाही रिंकू, विवेक, हरीश, रुस्तम, विकास, नवीन, कृष्ण, महिला सिपाही नेहा और पूजा जिनको इंग्लिश ब्रांच में कार्य के लिए नियुक्त किया गया है वहीं सिपाही सुरेंद्र और स्वतंत्र कुमार को अकाउंट ब्रांच में नियुक्ति का प्रमोशन मिला है।



बहादुरगढ़। बराही रोड रेलवे फाटक पर मरम्मत में जुटे कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# रेलवे ट्रैक के स्लीपर्स की मरम्मत के लिए चार घंटे तक बंद रहा बराही फाटक

बहादुरगढ़। बरसात के चलते रेलवे ट्रैक के स्लीपर्स में आई खामियों को दूर करने के लिए रेलवे द्वारा बीते कई दिनों से मरम्मत कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को विकास नगर के नजदीक बराही फाटक पर करीब 4 घंटे तक मरम्मत कार्य किया गया। बता दें कि सबसे पहले छोटूराम नगर स्थित फाटक पर स्लीपर्स की मरम्मत की गई थी। इसके बाद बराही फाटक पर कई दिनों तक मरम्मत कार्य हुआ। शुक्रवार को भी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक फाटक बंद रखी गई।

### लाइनपार क्षेत्र के लोग रहे परेशान

*दरअसल, क्षेत्र की आबादी का एक बड़ा हिस्सा लाइनपार क्षेत्र में बसा है। हजारों लोग रोजाना फाटक को पार कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। कई दिनों से चल रहे मरम्मत कार्य के कारण फाटक बंद रहने से लोगों को काफी मुश्किल झेलनी पड़ी है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक यशपाल मीणा ने बताया कि फाटक एरिया के स्लीपर्स में जो कमियां थी, उन्हें दूर कर दिया गया है। सब कुछ बढ़िया हो गया है। उन्होंने आमजन के सहयोग के लिए आभार जताया।*

# इंटर क्लास क्विज में स्नेहा व कुसुम की टीम रही प्रथम

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा इंटर क्लास क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की स्नेहा और कुसुम की टीम ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के पुष्पेंद्र व राहुल की टीम ने दूसरा व बीए द्वितीय वर्ष की मंजू और भारती की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर अंजू बाला, डॉक्टर अनिल कुमारी और डॉक्टर मोनिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों के उपस्थित क्विज के विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

सड़क हादसे कम करने को लेकर दिए सख्त निर्देश

# हॉट स्पॉट होंगे चिन्हित, अवैध कट को बंद किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ पूरी गंभीरता से कार्य करें। एडीसी जगनिवास ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क हादसों को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान करें, वहां सुधारात्मक उपाय करें और लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित दौरे करें। उन्होंने कहा कि जिले में जिन स्थानों पर दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं, उन्हें हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किया जाए और वहां ब्लाइंड मोड, शार्प कर्व, अवैध कट, झाड़ियां व पेड़ की टहनियों जैसी रुकावटों को तुरंत हटाया जाए। रोड मार्किंग, कैट्स आई, रिफ्लेक्टर, साइनबोर्ड और चेतावनी संकेतक शीघ्र लगाए जाएं। उन्होंने कहा कोहरे के मौसम से पहले सभी मुख्य सड़कों पर लाइटिंग और सेफ्टी डिवाइस की व्यवस्था पूरी हो जानी चाहिए।





झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास।

# समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा शिकायतों के जल्द समाधान पर फोकस

झज्जर। समाधान शिविरों की प्रगति को लेकर शुक्रवार को सीएम कार्यालय द्वारा वर्चुअल माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल मौजूद रहे और विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों के निपटारे की स्थिति की जानकारी दी। वीसी उपरांत डीसी ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करना है। इसलिए प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान किया जाए और कार्रवाई की जानकारी सीधे संबंधित आवेदक को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभागवार लंबित शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग हो तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया जाए।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।